ORANGE GLOBAL OLYMPIAD

School Level Examination

SLE 2023

# GRADE 9

# हिंदी

**Subject Code:** | 6 | 0 | 1 |

**Total Questions:** 50

**Time:** 1 hour

**प्रश्न-पत्र को तब तक न खोले जब तक कि ऐसा करने के लिए कहा न जाए।**

- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
- **उत्तर-पत्रिका** पत्र पर दिए गए निर्देशों को पढ़े और अपना **नाम**, **कक्षा और अन्य सूचना** भरें।
- **उत्तर-पत्रिका** में सभी उत्तर दिखाने के लिए गोलाकार खानों को केवल **नीले/काले बॉलपेन** से भरें।
- **उत्तर-पत्रिका** में सभी उत्तर प्रश्न संख्या के सामने दिए गए संबंधित गोलाकार खानों में **अंकित** करें।
- इस प्रश्न-पत्र में कुल **50 बहुविकल्पी प्रश्न** हैं। दी गई सूचनाओं के आधार पर **सबसे सही** उत्तर विकल्पों में से चुनें।
- प्रश्न-पत्र में **नकारात्मक अंक गणना नहीं** होगी।
- परीक्षा-कक्ष छोड़ने से पहले परीक्षार्थी **उत्तर-पत्रिका** निरीक्षक को सौंप दें।
- मोबाइल फोन, कैलकुलेटर आदि का प्रयोग पूर्णतः **निषेध** है। प्रश्न-पत्र में उपलब्ध खाली जगहों पर रफ कार्य किया जा सकता है।

## खंड (क)

**निर्देश : इस खंड में 30 बहुविकल्पी प्रश्न हैं। इनमें से प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प हैं, जिनमें से केवल एक विकल्प सही है। विद्यार्थी को एक सही विकल्प का चयन करना है।**

1. 'जो भूमि उपजाऊ न हो' वाक्यांश के लिए उपयुक्त शब्द है–
   (A) निरपजाऊ (B) पथरीली
   (C) ऊसर (D) रेतीली

2. 'निकल जाओ कमरे से बाहर।' वाक्य किस प्रकार का है?
   (A) संभावनार्थक (B) सामर्थ्यसूचक
   (C) बाध्यतासूचक (D) आज्ञार्थक

3. 'आज बाज़ार बंद है इसलिए कुछ नहीं मिलेगा।' किस प्रकार का वाक्य है?
   (A) सरल वाक्य (B) मिश्र वाक्य
   (C) सरल तथा संयुक्त वाक्य (D) संयुक्त वाक्य

4. 'ठीक न्याय' अर्थ को व्यक्त करने वाली उपयुक्त लोकोक्ति है–
   (A) तू डाल-डाल मैं पात-पात (B) जैसी करनी वैसी भरनी
   (C) जिसकी लाठी उसकी भैंस (D) दूध का दूध पानी का पानी

5. 'वाचाल' शब्द के लिए उचित वाक्यांश है–
   (A) जिसकी चाल खराब है (B) जिसका चाल-चलन ठीक नहीं है
   (C) जो बहुत बोलता हो (D) जो किसी चाल में रहता है

6. 'उल्लेख' शब्द का कौन-सा संधि-विच्छेद सही है?
   (A) उल् + लेख (B) उल्ले + ख
   (C) उत् + लेख (D) उद् + लेख

7. 'वह कुत्ता घुमाने गया है।' अशुद्ध वाक्य का शुद्ध रूप है–
   (A) वह कुत्ते को घुमाने गया है। (B) वह कुत्ता को घुमाने ले गया है।
   (C) वह कुत्ते को लेकर घुमाने गया है। (D) वह कुत्ते को घुमाने ले गया है।

8. द्विगु समास का उदाहरण कौन-सा है?
   (A) दशानन (दश आनन) (B) दशानन (दश आनन हैं जिसके)
   (C) दशानन (दश आननों का समाहार) (D) तीनों उत्तर सही।

9. संस्कृत में 'ज्ञ' संयुक्त व्यंजन का उच्चारण किस रूप में होता था?
   (A) ग्य् (B) ज्ञ्
   (C) ज्य् (D) ग्य्

10. 'नामिक क्रिया' वह क्रिया है–
    (A) जिसका कोई न कोई नाम होता है।
    (B) जिसकी रचना संज्ञा/सर्वनाम/विशेषण + क्रिया के मेल से होती है।
    (C) जिसकी रचना संज्ञा/सर्वनाम/विशेषण + प्रत्यय के योग से होती है।
    (D) जिसकी रचना संज्ञा/सर्वनाम/विशेषण + अकर्मक क्रिया के योग से होती है।

**11.** निम्नलिखित में से कौन-सा 'वाक्य' आज्ञार्थक नहीं है?
    (A) यहाँ मत बैठो।
    (B) तू अपना काम कर।
    (C) आप कल आइएगा।
    (D) वह हिंदी बोल सकती है।

12. निम्नलिखित वाक्य के रिक्त स्थान में कौन-सा मुहावरा आना चाहिए?

    **वाक्य :** जो लोग पहले सोच-समझकर काम नहीं करते, वे बाद में ....................।
    (A) सिर पकड़ते हैं
    (B) सिर धुनते हैं
    (C) सिर खुजाते हैं
    (D) सिर कटाते हैं

13. हिंदी में 'र्' व्यंजन ध्वनि को लिखकर व्यक्त करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा चिह्न नहीं है?
    (A) र्
    (B) (ॅ)
    (C) (्र)
    (D) (ॄ)

14. कौन-सा उदाहरण वृद्धि संधि का नहीं है?
    (A) मत + ऐक्य = मतैक्य
    (B) सदा + एक = सदैव
    (C) वन + औषधि = वनौषधि
    (D) यदि + अपि = यद्यपि

15. 'वह लड़की <u>पाँचवीं</u> कक्षा में पढ़ती है।' वाक्य के रेखांकित पद का सही भेद है–
    (A) क्रमवाची संख्यावाचक विशेषण
    (B) निश्चित परिमाणवाचक विशेषण
    (C) अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण
    (D) तीनों उत्तर ग़लत।

16. 'सभा में कवि तथा .................... में स्पर्धा का आयोजन था।' वाक्य में रिक्त स्थान में आने वाला उचित शब्द है–
    (A) कविता
    (B) गायिका
    (C) कवयित्री
    (D) काव्य

17. जिन स्वरों के उच्चारण में मुँह सबसे अधिक खुलता है, उन्हें कहते हैं–
    (A) विवृत
    (B) संवृत
    (C) वृत्ताकार
    (D) अवृत्ताकार

18. 'बालक ने अच्छा काम किया।' वाक्य में आए पदों के लिंग, वचन बदलकर बनाया गया सही वाक्य है–
    (A) बालकों ने अच्छा काम किया।
    (B) बालकों ने अच्छे काम किया।
    (C) बालिकाओं ने अच्छी काम किए।
    (D) बालिकाओं ने अच्छे काम किए।

19. निम्नलिखित में से कौन-सा उदाहरण निपात का नहीं है?
(A) ही
(B) पर
(C) भी
(D) तक

20. 'वह खेलने में तो अच्छा है मगर पढ़ाई-लिखाई नहीं करता।' वाक्य रचना की दृष्टि से किस प्रकार का है?
(A) विरोधवाचक संयुक्त वाक्य
(B) विभाजक संयुक्त वाक्य
(C) संयोजक संयुक्त वाक्य
(D) परिणामवाची संयुक्त वाक्य

21. किस शब्द में अनुस्वार का प्रयोग नहीं हुआ है?
(A) कंचन
(B) सिंदूर
(C) गांधी
(D) चोंच

22. हिंदी की 'ड़-ढ़' ध्वनियाँ कही जाती हैं–
(A) उत्क्षिप्त
(B) अंतस्थ
(C) अयोगवाह
(D) संघर्षी

23. 'आज जो <u>पराए</u> हैं, वे भी कभी .................. हो सकते हैं।' वाक्य के रिक्त स्थान में आने वाला शब्द जो रेखांकित शब्द का सही विलोम होगा, है–
(A) गैर
(B) परिचित
(C) नज़दीक
(D) अपने

24. 'जो अच्छा आचरण करता है उसे .................. कहते हैं।' वाक्य के रिक्त स्थान में आने वाला एक शब्द होगा–
(A) दुराचारी
(B) सदाचारी
(C) व्यभिचारी
(D) स्वचारी

25. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द तत्सम है?
(A) हड्डी
(B) कोयल
(C) गणना
(D) फ़कीर

26. निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य सही है?
(A) कल मैंने मैच खेलने जाना है।
(B) वे तेरे से क्यों बात करना चाहते हैं?
(C) हिंदी और उर्दू दोनों अलग-अलग भाषाएँ हैं।
(D) मुझे एक कहानी की पुस्तक चाहिए।

27. 'लड़का <u>खिड़की से</u> बाहर झाँका।' वाक्य के रेखांकित पद का उपयुक्त पद-परिचय है–
(A) भाववाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एकवचन, करण कारक में।
(B) जातिवाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एकवचन, करण कारक में।
(C) जातिवाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, बहुवचन, अपादान कारक में।
(D) जातिवाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एकवचन, अपादान कारक में।

**निर्देश : निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्न संख्या 28 से 30 के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**

आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी के नाम पर ही इस युग का नाम 'द्विवेदी युग' रखा गया। सन् 1903 ईस्वी में द्विवेदी जी ने सरस्वती पत्रिका के संपादन का भार संभाला। उन्होंने खड़ी बोली गद्य के स्वरूप को स्थिर किया और पत्रिका के माध्यम से रचनाकारों के एक बड़े समुदाय को खड़ी बोली में लिखने को प्रेरित किया। इस काल में निबंध, उपन्यास, कहानी, नाटक एवं समालोचना का विकास हुआ। इस युग के निबंध कारों में पंडित महावीर प्रसाद द्विवेदी, माधव प्रसाद मिश्र, श्याम सुंदर दास, चंद्रधर शर्मा गुलेरी, बाल मुकंद गुप्त और अध्यापक पूर्ण सिंह आदि उल्लेखनीय हैं। इनके निबंध गंभीर, ललित एवं विचारात्मक हैं।

28. 'द्विवेदी युग' के संबंध में कौन-सा तथ्य असत्य है?
    (A) 'द्विवेदी युग' का नाम आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी के नाम पर पड़ा।
    (B) द्विवेदी जी 'सरस्वती' पत्रिका का संपादन करते थे।
    (C) इस पत्रिका के माध्यम से उन्होंने हिंदी गद्य के स्वरूप को स्थिर किया।
    (D) 'सरस्वती' पत्रिका के माध्यम से द्विवेदी जी ने लोगों को खड़ी बोली में लिखने के लिए प्रेरित किया।

29. द्विवेदी युगीन निबंध-साहित्य के विषय में कौन-सा कथन ग़लत है?
    (A) द्विवेदी युग के प्रसिद्ध निबंधकार हैं–महावीर प्रसाद द्विवेदी, श्यामसुंदर दास, बालमुकुंद गुप्त, पूर्णसिंह आदि।
    (B) इस काल के निबंधों में रोचकता का अभाव है।
    (C) इस काल के निबंध गंभीर, ललित और विचार प्रधान हैं।
    (D) इस युग के लेखकों को आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ने प्रेरित किया।

30. 'विचारात्मक' विशेषण से बना सही संज्ञा शब्द है–
    (A) विचारप्रधान (B) विचारपूर्ण
    (C) विचारशील (D) विचार

## खंड ( ख )

**निर्देश : इस खंड में 20 बहुविकल्पी प्रश्न हैं। इनमें से प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प हैं, जिनमें से दो विकल्प सही हैं। विद्यार्थी को दोनों सही विकल्पों का चयन करना है।**

31. प्रेमचंद द्वारा लिखित दो उपन्यास कौन-से हैं?
    (A) गोदान (B) तितली
    (C) नदी के द्वीप (D) ग़बन

32. महाराष्ट्र की दो प्रसिद्ध गुफ़ाएँ कौन-सी हैं?
    (A) अजंता-एलोरा की गुफ़ाएँ (B) बादामी गुफ़ाएँ
    (C) एलीफ़ेंटा आयलेंड गुफ़ाएँ (D) उदयगिरि गुफ़ाएँ

33. निम्नलिखित विधाओं में से कौन-सी दो विधाओं के लिए महादेवी वर्मा प्रसिद्ध हैं?
    (A) उपन्यास (B) रेखाचित्र
    (C) संस्मरण (D) नाटक

34. केरल राज्य के दो प्रमुख नृत्य कौन-से हैं?
(A) भरतनाट्यम
(B) कुचिपुड़ी
(C) कुट्टीयट्टम
(D) कथकली

35. निम्नलिखित में से किन दो को भाषा नहीं कह सकते?
(A) हिंदी
(B) भोजपुरी
(C) पंजाबी
(D) मारवाड़ी

36. हरिवंश राय बच्चन द्वारा रचित दो कृतियाँ कौन-सी हैं?
(A) रश्मिरथी
(B) मधुशाला
(C) कामायनी
(D) मधुबाला

37. किन दो प्रदेशों की राजधानियों के नाम ग़लत हैं?
(A) अरूणाचल प्रदेश → अगरतला
(B) मिजोरम → आइज़वाल
(C) मेघालय → शिलांग
(D) त्रिपुरा → इटानगर

38. कौन-से दो शब्द 'स्नेह' शब्द के लिए अनेकार्थी नहीं हैं?
(A) तेल
(B) प्यार
(C) चिकनाहट
(D) प्रेम

39. निम्नलिखित में से किन दो विशेषताओं का संबंध मौखिक भाषा से नहीं है?
(A) यह भाषा का स्थायी रूप है।
(B) उच्चरित होते ही यह समाप्त हो जाता है।
(C) इसमें प्राय: वक्ता और श्रोता आमने-सामने रहते हैं।
(D) लिखित भाषा की तुलना में यह गौण रूप है।

40. कौन-से दो उदाहरण यण् संधि के हैं?
(A) अति + आचार = अत्याचार
(B) परम + औदार्य = परमौदार्य
(C) एक + एक = एकैक
(D) अनु + इति = अन्विति

41. कौन-से दो उदाहरण गुण संधि के हैं?
(A) भानु + उदय = भानूदय
(B) नर + इंद्र = नरेंद्र
(C) विद्या + आलय = विद्यालय
(D) सूर्य + उदय = सूर्योदय

42. किन दो तद्भव शब्दों से बने तत्सम शब्द ग़लत हैं?
(A) रानी–राज्ञी
(B) खीर–छींर
(C) बंदर–वानर
(D) घर–ग्रह

43. किन दो शब्दों में बहुवचन बनाने के लिए 'गण' शब्द लगता है?
(A) पाठक
(B) प्रजा
(C) पक्षी
(D) लेखक

44. वर्तनी की दृष्टि से कौन-से दो शब्द अमानक और अशुद्ध हैं?
   (A) आंधी
   (B) आँधी
   (C) गांधी
   (D) गाँधी

45. कौन-से दो शब्द 'निर्' उपसर्ग से बने हैं?
   (A) निर्दय
   (B) निर्माण
   (C) निरपराध
   (D) नीरोग

46. 'भयभीत होने' का अर्थ व्यक्त करने वाले दो मुहावरे कौन-से हैं?
   (A) हाथ पाँव फूलना
   (B) पहाड़ टूट पड़ना
   (C) पाँव उखड़ जाना
   (D) रोंगटे खड़े होना

47. किन दो लिपियों की भाषाओं के नाम ग़लत हैं?
   (A) गुरुमुखी $\rightarrow$ सिंधी
   (B) रोमन $\rightarrow$ रूसी
   (C) देवनागरी $\rightarrow$ नेपाली
   (D) फारसी $\rightarrow$ उर्दू

48. कौन-सी दो विशेषताएँ रीतिकाल की हैं?
   (A) रीतिकाल में श्रृंगार प्रधान कविताएँ अधिक लिखी गईं।
   (B) रीतिकालीन कवि आम आदमी से जुड़े हुए थे।
   (C) अधिकांश रीतिकालीन कवि राजदरबारों में रहते थे।
   (D) रीतिकालीन कवि अपने राजाओं के साथ युद्ध में भी जाते थे।

49. 'जिसे छोड़ा या हटाया न जा सके' वाक्यांश के लिए प्रयुक्त होने वाले दो शब्द कौन-से हैं?
   (A) अनिवार्य
   (B) आवश्यक
   (C) ज़रूरी
   (D) अपरिहार्य

50. निम्नलिखित कवियों में से दो सूफ़ी कवि कौन हैं?
   (A) कबीरदास
   (B) मलिक मुहम्मद जायसी
   (C) केशवदास
   (D) कुतुबन

GRADE
9

हिंदी